Title: Requested to start and broadcast F.M. Band programmes in Jaipur, Rajasthan.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : मान्यवर, सरकार द्वारा राजस्थान की जो उपेक्षा हो रही है, मैं उसके संबंध में निवेदन करना चाहूंगा। हिन्दुस्तान भर में ट्रांजिस्टर पर एफ.एम. बैण्ड का कार्यक्रम होता है। कलकत्ता, दिल्ली, मुम्बई, मद्रास और बंगलौर सभी जगह एफ.एम. बैण्ड है। पांच वर्ष पूर्व जयपुर शहर में भी एफ.एम. बैण्ड का उद्घाटन हुआ था पर अभी तक वह बैण्ड आकाशवाणी से चालू नहीं किया गया है। वहां पर भजन भी होते हैं, कव्वाली भी आती हैं और रात दिन उस पर भजन और गाने सुने जा सकते हैं। इसलिए मेरा निवेदन है कि जयपुर शहर के लिए भी एफ.एम. बैण्ड को चालू किया जाए और राजस्थान की उपेक्षा नहीं की जाए।